www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

PAPER-II
TRIBAL AND REGIONAL LANGUAGE-LITERATURE

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____
   (Name) _____
2. (Signature) _____
   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

J 7 0 1 4

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12**

Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

TRIBAL AND REGIONAL LANGUAGE-LITERATURE
Paper – II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Who is the author of the book 'Kahani Jharkhand Andolan Ki' ?
(A) E.N. Horo
(B) Jaipal Singh
(C) Colonel Dalton
(D) Balbir Dutta

2. 'Singbonga' is related to
(A) Munda
(B) Kharia
(C) Oraon
(D) Sadan

3. What is 'Giti Ora' ?
(A) Kotha Ghar
(B) Yuba Grih
(C) Jhopri
(D) Pakka Makan

4. How many tribes were scheduled in Jharkhand in 1872 ?
(A) 26
(B) 32
(C) 18
(D) 29

5. Which is scheduled caste in the following ?
(A) Ghasi
(B) Savar
(C) Korwa
(D) Mahli

6. Which is called 'Arandi Bonga' ?
(A) Bhut Bhagane Ka Mantra
(B) Bibah Mantra
(C) Deh Bandhne ka Mantra
(D) Sraddh Mantra

7. Who is the non-tribe living with the tribes of Jharkhand ?
(A) Bhumij
(B) Sadan
(C) Birhor
(D) Asur

8. What is called 'Head Man' in Santal ?
(A) Manki
(B) Munda
(C) Parha
(D) Manjhi

9. What is 'Sahiya' ?
(A) Blood relation
(B) Marriage relation
(C) Social relation
(D) None of them

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा-साहित्य

प्रश्नपत्र – II

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. 'कहानी झारखंड आन्दोलन की' के लेखक कौन हैं ?

(A) ई.एन. होरो

(B) जयपाल सिंह

(C) कर्नल डाल्टन

(D) बलवीर दत्त

2. 'सिंग बोंगा' किस से संबंधित है ?

(A) मुण्डा

(B) खड़िया

(C) उराँव

(D) सदान

3. 'गिति ओड़ा' क्या है ?

(A) कोठा घर

(B) युवा गृह

(C) झोपड़ी

(D) पक्का मकान

4. 1872 ई. में अनुसूचित जनजातियों की संख्या झारखंड में कितनी थी ?

(A) 26

(B) 32

(C) 18

(D) 29

5. इनमें कौन अनुसूचित जाति है ?

(A) घासी

(B) शबर

(C) कोरवा

(D) महली

6. 'अड़ांदि बोंगा' किसे कहते हैं ?

(A) भूत भगाने का मंत्र

(B) विवाह मंत्र

(C) देह बांधने का मंत्र

(D) श्राद्ध मंत्र

7. झारखंड में आदिवासियों के साथ रहने वाले गैर आदिवासी कौन हैं ?

(A) भूमिज

(B) सदान

(C) बिरहोर

(D) असुर

8. संतालों में 'ग्राम प्रधान' को क्या कहते हैं ?

(A) मानकी

(B) मुण्डा

(C) पड़हा

(D) माँझी

9. 'सहिया क्या' है ?

(A) रक्त संबंध

(B) वैवाहिक संबंध

(C) सामाजिक संबंध

(D) इनमें से कोई नहीं

Read the following passage and answer the **five** questions **(Q. Nos. 10-14)** given below :

"Gandhiji was in South Africa from 1892 to 1914. There he saw the inhuman treatment meted out to Africans and Indians by the Europeans. When he returned to India, he published a factual account of his experiences. But an exaggerated version of this was given wide publicity in England and South Africa and the whites got annoyed with Gandhiji. When he came back in Durban, mass feeling ran against him. The Government of Natal prevented the entry of his ship for a few days and tried to prevent him from disembarking."

10. When Gandhiji was in South Africa ?
(A) 1892
(B) 1914
(C) 1892-1914
(D) None

11. What he saw there ?
(A) Inhuman treatment
(B) Human treatment
(C) Animosity
(D) Nothing

12. Who were meted out with inhuman treatment ?
(A) Indians
(B) Africans
(C) Indians and Africans
(D) None

13. When Gandhiji published a factual account of his experiences ?
(A) When he returned to India
(B) In 1915
(C) In 1917
(D) In 1920

14. Why the whites were annoyed with Gandhiji ?
(A) Due to factual account.
(B) Because wide publicity was given to this account.
(C) Due to exaggerated version of this account in England and Africa.
(D) None.

15. Which is called grammar of grammar's ?
(A) Language-Literature
(B) Linguistics
(C) Language-Culture
(D) Language-Grammar

16. What is the subject of Morphology ?
(A) Script and Sound
(B) Word and Meaning
(C) Morpheme
(D) Word and Alphabet

17. Who systemataized 'Ding-Dong' Theory ?
(A) Maxmuller
(B) Sussmilch
(C) Rousseau
(D) Darwin

18. Where is the Mother Tongue needed most ?
(A) In University
(B) In Foreign Countries
(C) In Colleges
(D) In Primary Education

19. In which language the Pictographical script is used ?
(A) German
(B) Japanese
(C) Bantu
(D) Arbi

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित अवतरण को पढ़ें और नीचे दिये गये पाँच प्रश्नों (**10-14**) के उत्तर दें :

"गांधीजी 1892 से 1914 तक दक्षिण अफ्रीका में थे । उन्होंने वहाँ अफ्रीकी तथा भारतीय लोगों के साथ यूरोपवासियों का अमानवीय व्यवहार देखा । जब वे भारत लौटे तो उन्होंने अपने अनुभवों का तथ्यात्मक विवरण प्रकाशित किया । किंतु इस विवरण को इंगलैंड और दक्षिणी अफ्रीका में अतिशयोक्तिपूर्ण रूप में अत्यधिक प्रसारित किया गया । इससे दक्षिण अफ्रीका के गोरे लोग गांधीजी से नाराज हो गये । जब गांधीजी डरबन वापस आये तो उनके विरुद्ध जन भावना फैल गयी । नेताल सरकार ने कुछ दिनों के लिए उनके जहाज को बंदरगाह में घुसने से रोक दिया और उनको उससे उतरने से रोकने का प्रयास किया गया ।"

10. गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में कब थे ?
(A) 1892
(B) 1914
(C) 1892-1914
(D) किसी में नहीं

11. उन्होंने वहाँ क्या देखा ?
(A) अमानवीय व्यवहार
(B) मानवीय व्यवहार
(C) शत्रुता
(D) कुछ नहीं

12. किन से अमानवीय व्यवहार किया जाता था ?
(A) भारतीयों से
(B) अफ्रीकी लोगों से
(C) भारतीय और अफ्रीकी लोगों से
(D) किसी से नहीं

13. गांधीजी ने अपने तथ्यात्मक अनुभवों को कब प्रकाशित किया ?
(A) जब वे भारत वापस आये
(B) 1915 में
(C) 1917 में
(D) 1920 में

14. गोरे लोग गांधीजी से क्यों नाराज थे ?
(A) तथ्यात्मक विवरण के कारण
(B) क्योंकि इस विवरण को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था
(C) इंगलैंड और अफ्रिका में इस विवरण के अतिशयोक्ति पूर्ण प्रचार के कारण
(D) कोई भी नहीं

15. व्याकरणों का व्याकरण किसे कहा जाता है ?
(A) भाषा-साहित्य
(B) भाषा विज्ञान
(C) भाषा संस्कृति
(D) भाषा व्याकरण

16. पद विज्ञान का विषय क्या है ?
(A) वर्ण एवं ध्वनि
(B) शब्द और अर्थ
(C) शब्द रूप
(D) शब्द तथा अक्षर

17. रणन सिद्धान्त (डिंगडोंग थ्योरी) को किसने व्यवस्थित रूप दिया ?
(A) मैक्समूलर
(B) सुसमिल्श (Sussmilch)
(C) रूसो (Roussean)
(D) डार्विन

18. मातृभाषा की सर्वाधिक आवश्यकता कहाँ है ?
(A) विश्वविद्यालय में
(B) विदेशों में
(C) महाविद्यालय में
(D) प्राथमिक शिक्षा में

19. चित्र लिपि का प्रयोग किस भाषा में होता है ?
(A) जर्मन
(B) जापानीज
(C) बांटू
(D) अरबी

20. T, Tha, D, Dha, N are the script of the group

(A) Dental

(B) By Lips

(C) Glottis

(D) Palatal

21. What is meaning in the context of word ?

(A) Property (Wealth)

(B) Body

(C) Home

(D) Soul

22. Which is called Agglutinative Language ?

(A) In which are synthesised Root and Suffix.

(B) In which are separated Root and Suffix.

(C) In which Root and Semanteme are synthesised.

(D) In which Root and Morpheme are separated.

23. In Semantics whose example is 'Amuk Ke Pita' ?

(A) Ashubha Parihar (Removal of bad Omen)

(B) Shravan Sukhadata (Euphemism)

(C) Andha Vishwas (Blind faith)

(D) Byang Prayog (Irony)

24. Which group is the most matching ?

	List-I		**List-II**
a.	Arth Vistar	i.	Mugdh
b.	Arth Sankoch	ii.	Akashvani
c.	Arthadesh	iii.	Mriga
d.	Arthotkarsh	iv.	Patra

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iii	ii	i	iv
(C)	ii	i	iv	iii
(D)	i	ii	iii	iv

25. Which is considered as 'Pancham Veda' ?

(A) Ramayana

(B) Upanisad

(C) Mahabharata

(D) Puran

26. How many 'Kandas' are in Ramayana ?

(A) 9

(B) 5

(C) 6

(D) 7

27. To which period poet 'Chand Bardai' belongs ?

(A) Adhunik Kal

(B) Virgatha Kal

(C) Sringar Kal

(D) Bhakti Kal

28. Which magazine was published in the reaction of Saraswati magazine of Dwivediji ?

(A) Indu

(B) Sudarsan

(C) Nagri Pracharini Patrika

(D) Harish Chandra Chandrika

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

20. त, थ, द, ध, न किस वर्ग की लिपि है ?

(A) दन्त्य

(B) ओष्ठ्य

(C) कण्ठ्य

(D) तालव्य

21. शब्द के संदर्भ में अर्थ क्या है ?

(A) धन

(B) देह

(C) घर

(D) आत्मा

22. योगात्मक भाषा किसे कहते हैं ?

(A) जिसमें प्रकृति और प्रत्यय का संयोग होता है ।

(B) जिसमें प्रकृति और प्रत्यय का वियोग होता है ।

(C) जिसमें प्रकृति और अर्थ तत्त्व का संयोग होता है ।

(D) जिसमें प्रकृति और संबंध तत्त्व का वियोग होता है ।

23. 'अमुक के पिता' अर्थ विज्ञान में किसका उदाहरण है ?

(A) अशुभ परिहार

(B) श्रवण सुखदता (Euphemism)

(C) अंध विश्वास

(D) व्यंग्य प्रयोग (Irony)

24. किस समूह में सही मिलान है ?

सूची – I		**सूची – II**
a.	अर्थ विस्तार	i. मुग्ध
b.	अर्थ संकोच	ii. आकाशवाणी
c.	अर्थादेश	iii. मृग
d.	अर्थोत्कर्ष	iv. पत्र

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iii	ii	i	iv
(C)	ii	i	iv	iii
(D)	i	ii	iii	iv

25. 'पंचम वेद' किसे माना जाता है ?

(A) रामायण

(B) उपनिषद

(C) महाभारत

(D) पुराण

26. रामायण में कितने काण्ड हैं ?

(A) 9

(B) 5

(C) 6

(D) 7

27. चंद बरदाई किस काल के कवि हैं ?

(A) आधुनिक काल

(B) वीरगाथा काल

(C) श्रृंगार काल

(D) भक्ति काल

28. द्विवेदी जी की 'सरस्वती' पत्रिका की प्रतिक्रिया में कौन सी पत्रिका निकाली गई ?

(A) इंदु

(B) सुदर्शन

(C) नागरी प्रचारिणी पत्रिका

(D) हरिश्चन्द्र चन्द्रिका

29. Whose statement is this 'Vakyam Rasatmakam Kavyam" ?
(A) Mammat
(B) Jagannath
(C) Vishwanath
(D) Shankuk

30. Which is the correct historical order of Literate Books listed below ?
(A) Kirtilata, Sahitya Lahri, Sujanhit, Ansu.
(B) Sahityalahri, Sujanhit, Ansu, Kirtilata.
(C) Sujanhit, Ansu, Kirtilata, Sahitya Lahri.
(D) Sahitya Lahari, Kirtilata, Sujanhit, Ansu.

31. What is the main difference between song and poem ?
(A) Rag and Tal
(B) Kala and Bhav
(C) Kalpana and Bhavna
(D) Rag and Bhav

32. In which 'Dhir Lalit' character is depicted ?
(A) Padmavat
(B) Sursagar
(C) Ramcharit Manas
(D) Yashodhara

33. "Dhan Anand Jiwan Dayak ho kuch meri yo Pir hiye parso,
Kabhu ba visasi sujan kay Angan mo Ansuban ko lay barso."
– Who is requested to rain in the Courtyard of Sujan ?
(A) Vayu
(B) Ansu
(C) Badal
(D) Sujan

34. Which grouping of assertion and reasoning is most appropriate in the following ?
Assertion (A) : Poetry is the criticism of life.
Reason (R) : Because the Poet depicts imaginatively.
Codes :
(A) (A) is correct, (R) is not correct.
(B) (A) is not correct, (R) is correct.
(C) (A) is correct, (R) is correct.
(D) (A) is not correct, (R) is not correct.

35. What is the 'Gun' with which the creation of the poet is absorbed easily in the heart of the reader ?
(A) Prasad
(B) Oja
(C) Madhurya
(D) None among these

36. Who is the Author of 'Kavya Prakash' ?
(A) Bharat
(B) Vishwanath
(C) Jagannath
(D) Mammat

37. "Jo Ghanibhut pida thi mastak me smriti si chhai, Durdin me ansu bankar wah aaj barasne ai."
– Which Alankar is in this statement ?
(A) Yamak
(B) Shlesh
(C) Vakrokti
(D) Upma

38. How many Matras are needed in every Charan of Chaupai Chhand ?
(A) 16
(B) 13
(C) 11
(D) None of them

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

29. "रसात्मक वाक्य काव्य है ।" यह किसने कहा ?

(A) मम्मट

(B) जगन्नाथ

(C) विश्वनाथ

(D) शंकुक

30. निम्नलिखित साहित्यिक ग्रंथों में से कौन सा ऐतिहासिक अनुक्रम सही है ?

(A) कीर्तिलता, साहित्य लहरी, सुजान हित, आँसू

(B) साहित्य लहरी, सुजान हित, आँसू, कीर्तिलता

(C) सुजान हित, आँसू, कीर्तिलता, साहित्य लहरी

(D) साहित्य लहरी, कीर्तिलता, सुजान हित, आँसू

31. गीत और कविता में प्रमुख अंतर क्या है ?

(A) राग और ताल

(B) कला और भाव

(C) कल्पना और भावना

(D) राग और भाव

32. धीर ललित चारित्र किसमें चित्रित है ?

(A) पद्मावत

(B) सूरसागर

(C) रामचरित मानस

(D) यशोधरा

33. "धन आनंद जीवन दायक हौं कुछ मेरी यौ पीर हिये परसौ ।
कबहूं वा बिसासी सुजान के आंगन मो अंसुवन को लै बरसौ ।।"
इसमें सुजान के आंगन में किसे बरसाने के लिए कहा गया है ?

(A) वायु

(B) आँसू

(C) बादल

(D) सुजान

34. निम्नलखित में स्थापना और कारण का कौन सा ग्रुप सर्वाधिक उपयुक्त है ?

स्थापना (A) : काव्य जीवन की आलोचना है ।

कारण (R) : क्योंकि कवि काल्पनिक चित्रण करता है ।

कूट :

(A) (A) सही है, (R) सही नहीं है ।

(B) (A) सही नहीं है, (R) सही है ।

(C) (A) सही है, (R) सही है ।

(D) (A) सही नहीं है, (R) भी सही नहीं है ।

35. जिस गुण से कवि की रचना अनायास पाठक के हृदय में व्याप्त हो जाए उसे कौन सा गुण कहते हैं ?

(A) प्रसाद

(B) ओज

(C) माधुर्य

(D) इनमें कोई नहीं

36. 'काव्य प्रकाश' के रचयिता कौन हैं ?

(A) भरत

(B) विश्वनाथ

(C) जगन्नाथ

(D) मम्मट

37. जो घनीभूत पीड़ा थी मस्तक में स्मृति सी छाई ।
दुर्दिन में आँसू बनकर वह आज बरसने आई ।।
इसमें कौन सा अलंकार है ?

(A) यमक

(B) श्लेष

(C) वक्रोक्ति

(D) उपमा

38. चौपाई छंद हर चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) 16

(B) 13

(C) 11

(D) इनमें से कोई नहीं

39. "Kahat natat rijhat khijhat milat khilat lajiyat, Bhare bhoun me karat hai Nainan hi so bat."
– What 'Rasa' is in this ?
(A) Viyog Shringar
(B) Adbhut Rasa
(C) Shanta Rasa
(D) Sanjog Shringar

40. Which is not 'Sthayi Bhav' in the following ?
(A) Rati (B) Utsaha
(C) Bhay (D) Bhayanak

41. 'Sarhul' Folk Tales belongs to the group of
(A) Legend (Historical tales)
(B) Pari katha (Fairy tales)
(C) Myth (Dharam katha)
(D) Jadu Tona (Magic)

42. "Dhobi ka Kutta, Ghar Ka na ghat ka" What is this ?
(A) Paheli (Riddle)
(B) Lokokti (Proverbs)
(C) Muhabara (Idiom)
(D) Mantra (Mantra)

43. 'Karam Folk Tales' belongs to the group of
(A) Shram Geet (Work song)
(B) Ropni Geet (Paddy Plantation Song)
(C) Utsav Geet (Festival song)
(D) Sanskar Geet (Ceremonial song)

44. What is the main character of 'Chhow Dance' ?
(A) Mask is used
(B) Mask is not used
(C) Some use mask, some do not
(D) Dance is performed in six number

45. When the 'Proverb' is used ?
(A) After a statement
(B) Before a statement
(C) In the middle of a statement
(D) Independently

46. In which festival Fire Walking is celebrated ?
(A) In Dipawali
(B) In Holika Dahan
(C) None of them
(D) In Manda festival

47. Which is the appropriate example of Ballad ?
(A) Seven brother and One sister
(B) Sosobonga
(C) Tale of Karma-Dharma
(D) Origin Tate of Sankh-Koyel river

48. When 'Domkach' songs are sung mainly ?
(A) In the rainy season
(B) In the winter season
(C) 15 days after marriage
(D) 15 days before marriage

49. How the animals behave generally in the folk tales ?
(A) Like man
(B) Like Animal and bird
(C) Like man, Animal and bird
(D) None of them

50. Whose important gift is the Folk Literature ?
(A) Of the ancestors
(B) Of the intellectuals
(C) Of the Kings
(D) Of the Story-tellers

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. "कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात ।
भरे भौन में करत हैं नैनन ही सों बात ।।"
इसमें कौन सा रस है ?
(A) वियोग शृंगार
(B) अद्‌भुत रस
(C) शांत रस
(D) संयोग शृंगार

40. इनमें से कौन 'स्थायी भाव' नहीं है ?
(A) रति
(B) उत्साह
(C) भय
(D) भयानक

41. 'सरहुल' की कथा किस वर्ग की कथा है ?
(A) लीजेंड
(B) परीकथा
(C) मिथ
(D) जादू टोना

42. "धोबी का कुत्ता, घर का न घाट का" क्या है ?
(A) पहेली
(B) लोकोक्ति
(C) मुहावरा
(D) मंत्र

43. 'करम गीत' किस श्रेणी के लोक गीत हैं ?
(A) श्रम गीत
(B) रोपनी के गीत
(C) उत्सव गीत
(D) संस्कार गीत

44. छऊ नृत्य की प्रमुख विशेषता क्या है ?
(A) मुखौटा होता है ।
(B) मुखौटा नहीं होता है ।
(C) मुखौटा कुछ में होता है, कुछ में नहीं ।
(D) छ: की संख्या में नृत्य होता है ।

45. कहावतों का प्रयोग कब किया जाता है ?
(A) कथन के बाद
(B) कथन से पहले
(C) कथन के बीच में
(D) स्वतंत्र रूप से

46. अंगारों पर चलने का लोक उत्सव किसमें होता है ?
(A) दीपावली में
(B) होलिका दहन में
(C) किसी में नहीं
(D) मंडा पर्व में

47. लोक गाथा का सुंदर उदाहरण है _____
(A) सात भाई एक बहन
(B) सोसो बोंगा
(C) करम-धरम की कथा
(D) शंख-कोयल नदी की उत्पत्ति कथा

48. 'डमकच' मूलत: कब गाया जाता है ?
(A) वर्षा ऋतु में
(B) शीत काल में
(C) विवाह के 15 दिन बाद से
(D) विवाह के 15 दिन पहले से

49. प्राय: लोक कथाओं में पशु-पक्षी कैसा व्यवहार करते हैं ?
(A) केवल मनुष्य जैसा
(B) केवल पशु-पक्षी जैसा
(C) मानव तथा पशु-पक्षी जैसा
(D) किसी तरह नहीं

50. लोक साहित्य किसकी महत्त्वपूर्ण देन है ?
(A) पुरखों की
(B) विद्वानों की
(C) राजाओं की
(D) कथावाचकों की

Space For Rough Work